दैनिक प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO-UPBIL/2021/83001

बर्ष :-02 अंक :-241 मुरादाबाद 28 December 2022 (Wednesday) पृष्ठ:-08 मूल्य :- 3.00 रूपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## सीएम योगी बोले- आरक्षण के बाद ही होंगे निकाय चुनाव, जरूरत पड़ी तो जाएंगे सुप्रीम कोर्ट



निकाय चुनाव में आरक्षण खत्म करने को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि भाजपा ने आज पिछड़ों का हक छीना है कल दलितों का हक छीन लेगी।इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ द्वारा निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण खत्म रद्द किए जाने के फैसले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि सरकार पिछड़ों का हक दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएगी। वहीं, सपा ने भाजपा पर कोर्ट में कमजोर पैरवी करने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बयान जारी कर कहा है कि प्रदेश सरकार नगरीय निकाय चुनाव के लिए आयोग गठित कर ट्रिपल टेस्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों को आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराएगी। इसके बाद ही निकाय चुनाव सम्पन्न कराया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो राज्य सरकार उच्च न्यायालय के निर्णय के क्रम में तमाम कानूनी पहलुओं पर विचार करके सर्वोच्च न्यायालय में अपील भी करेगी।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मामले पर ट्वीट कर भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि आज आरक्षण विरोधी भाजपा निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के विषय पर घड़ियाली सहानुभूति दिखा रही है। आज भाजपा ने पिछड़ों के आरक्षण का हक छीना है। कल भाजपा बाबा साहब द्वारा दिए गये दलितों का आरक्षण भी छीन लेगी। उन्होंने आरक्षण को बचाने की लड़ाई में पिछड़ों व दलितों से सपा का साथ देने की अपील की है। अखिलेश यादव ने कहा है कि आरक्षण बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे। मायावती ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह फैसला भाजपा की आरक्षण विरोधी मानसिकता को दिखाता है।

### मायावती बोलीं, भाजपा की आरक्षण विरोधी मानसिकता को दिखाने वाला फैसला

मायावती ने बयान दिया है कि यूपी में बहुप्रतीक्षित निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक अधिकार के तहत मिलने वाले आरक्षण को लेकर सरकार की कारगुजारी का संज्ञान लेने सम्बंधी माननीय हाईकोर्ट का फैसला सही मायने में भाजपा व उनकी सरकार की ओबीसी एवं आरक्षण-विरोधी सोच व मानसिकता को प्रकट करता है।उन्होंने कहा कि यूपी सरकार को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अनुपालन करते हुए ट्रिपल टेस्ट द्वारा ओबीसी आरक्षण की व्यवस्था को समय से निर्धारित करके चुनाव की प्रक्रिया को अन्तिम रूप दिया जाना था, जो सही से नहीं हुआ। इस गलती की सजा ओबीसी समाज बीजेपी को जरूर देगा।

### पहले पिछड़ों का आरक्षण हो फिर चुनाव हो

इसके पहले सपा ने बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार ने पिछड़ों को धोखा दिया है। यह भाजपा की बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के दिए संविधान को ख़त्म करने की साजिश है। निकाय चुनाव में पिछड़ों और दलितों का हक मारने के लिए भाजपा सरकार ने गलत तरीके से आरक्षण किया। पहले पिछड़ों का आरक्षण हो, फिर चुनाव हो।

### आरक्षण खत्म करने का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण


सपा नेता रामगोपाल यादव ने सरकार पर कोर्ट में ठीक से पैरवी न करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि निकाय चुनावों में ओबीसी का आरक्षण खत्म करने का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। यह उत्तर प्रदेश सरकार की साजिश है। जानबूझकर तथ्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं किए गए। उन्होंने कहा कि ऐसा करके सरकार ने यूपी की 60 फीसदी आबादी को आरक्षण से वंचित किया। इस फैसले पर भाजपा के ओबीसी मंत्रियों की जबान पर ताले लग गए हैं। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की स्थिति बंधुआ मजदूर जैसी है।

### यूपी के मंत्री बोले- बिना आरक्षण निकाय चुनाव ठीक नहीं

अपना दल (एस) के कार्यकारी अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि ओबीसी आरक्षण के बिना निकाय चुनाव किसी भी दृष्टि से उचित नहीं हैं।

हम इस संदर्भ में लखनऊ उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले का अध्ययन कर रहे हैं। जरूरत पड़ी तो अपना दल (एस) ओबीसी के हक के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगा।

## अखिलेश ने कहा- केशव प्रसाद उप मुख्यमंत्री नहीं, कर रहे हैं नौकरी; अपने मन से कुछ भी नहीं कर सकते



झांसी दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को भी समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के निशाने पर योगी सरकार रही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को स्वीकार करना होगा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार है, तभी कानून व्यवस्था में सुधार होगा। वहीं, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य पर हमला बोलते हुए कहा कि वह डिप्टी सीएम नहीं , बल्कि नौकरी कर रहे हैं। वह अपनी मर्जी से कुछ नहीं कर सकते, नौकरी करनी है तो मुखिया की भाषा बोलनी पड़ेगी।इसके अलावा अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर सहित अन्य जिलों की घटनाएं बताती हैं कि कानून व्यवस्था के हालात क्या हैं। प्रदेश की सरकार को मानना पड़ेगा कि उनके राज में भ्रष्टाचार चरम पर है, पुलिस वसूली में लिप्त है। केशव मौर्य के सवाल पर कहा कि मौर्य जानते हैं कि वह पिछड़ों को न्याय नहीं दिला सकते, ज्यादा बोलेंगे तो अभी उनका विभाग छिना है, फिर कुर्सी भी छिन जाएगी। अखिलेश ने कहा कि सरकार बुनियादी मुद्दों पर बात करने के लिए तैयार नहीं है। व्यापारी दुखी हैं, अब उन्होंने सरकार को सबक सिखाने का मन बना लिया है।

## सड़क हादसों ने ली छह की जान, आगरा एक्सप्रेस-वे पर एकसाथ बुझे तीन घरों के चिराग, कार के उड़े परखच्चे



उत्तर प्रदेश के मेरठ समेत बिजनौर व मुजफ्फरनगर में मंगलवार को हुए अलग अलग हादसों ने छह लोगों की जान ले ली। सोमवार देर रात जहां आगरा एक्सप्रेस वे पर हुए भीषण हादसे में मेरठ के लावड़ निवासी तीन लोग घायल हो गए, जिन्होंने मंगलवार सुबह उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं बिजनौर में आज सुबह घने कोहरे के कारण एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को कुचल डाला, जबकि मुजफ्फरनगर में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टामार्टम के लिए भिजवा दिए। लखनऊ से वापस लौटने के दौरान उन्नाव कट के पास आगरा एक्सप्रेस वे पर सोमवार देर रात सड़क दुर्घटना में अधिशासी अधिकारी समेत तीन घायल हो गए। मंगलवार सुबह तड़के तीनों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मरने वालों में लावड़ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी, लिपिक व स्वच्छ भारत मिशन के टीसी थेहापुड़ के रहने वाले अधिशासी अधिकारी सुधीर सिंह पिछले चार वर्षों से लावड़ नगर पंचायत का चार्ज था। जबकि, मवाना खुर्द निवासी असलम भी नगर पंचायत में तैनात थे।

शेष खबर पेज न. 8 पर .............

# कोरोना संक्रमण की संभावित खतरे से निपटने जिला चिकित्सालय में किया गया मॉक ड्रिल

## कलेक्टर ने संक्रमण से बचाव हेतु आवश्यक तैयारियों के संबंध में ली जानकारी

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- राज्य शासन द्वारा कोविड के नए वेरिएंट बीएफ-7 संक्रमण के खतरे ध्यान में रखते हुए आपात स्थिति में निपटने के लिए जिला चिकित्सालय में आज मॉक-ड्रिल किया गया। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में पूर्वाभ्यास किया गया। कलेक्टर ने कोरोना से बचाव एवं इलाज हेतु जिला चिकित्सालय में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली तथा सभी उपकरण क्रियाशील रखने, संधारण योग्य उपकरणों का परीक्षण और सुधार सुनिश्चित करने तथा पूर्व में कोविड प्रबंधन में ड्यूटी कर चुके मेडिकल टीम को भी तैयार रखने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर एवं सिविल सर्जन डॉ बीपी चंद्रा ने जिला चिकित्सालय में उपलब्ध कोविड केयर सेंटर, आईसोलेशन वार्ड, वेंटीलेटर व्यवस्था तथा आक्सीजन की आपूर्ती के लिए पीएसए प्लांट आदि की जानकरी दिये। उन्होने बताया कि जिले में 3



समुदायिक केंद्र, 14 प्राथमिक केंद्र एवं 3 प्री फेब आइसोलेशन वार्ड को सुदृढ़ कर लिया गया है। इन केंद्रों में पल्स ऑक्सीमीटर, ऑक्सीजन कॉन्सेन्ट्रेटर के साथ ही जीवन रक्षक दवाइयों की व्यवस्था कर ली गई है। कोरोना की जांच के लिए आरटीपीसीआर, एंटीजन एवं ट्रूनाट जांच के लिए सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालय में नियमित जांच के लिए निर्देशित किया गया है। सीएमएचओ ने बताया कि मॉक ड्रिल के उपरांत भारत सरकार के पोर्टल में सभी जानकारियां अपलोड कर लिया गया है। मॉक-ड्रिल के दौरान जिला मेडिकल अधिकारी डॉ एसके सिन्हा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री विभा टोप्पो, अस्पताल कंसलटेंट श्री योगेंद्र कश्यप, खंड कार्यक्रम प्रबंधक श्री अरविंद सोनी, स्टोर प्रभारी सुश्री प्रीतम केंवट, आरएमओ डॉ. भरत भूषण त्रिपाठी सहित चिकित्सकगण उपस्थित थे।

# किसानों को बहुत जल्द यूरिया से मिलेगा निजात

राजेश कुमार द्विवेदी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बिहार गोपालगंज -जिला कृषि पदाधिकारी से प्राप्त सुचना के अनुसार गोपालगंज जिले में 27/12/2022तक सभी प्रखंडों में POS मशीन के अनुसार भण्डार में मात्र 5107बोरा यूरिया उपलब्ध हैं।आज27/12/2022को प्राप्त सुचना के अनुसार इण्डियन पोटाश लिमिटेड कम्पनी का बेतिया रेंक प्वाइंट से 17800बोरा तथा नेशनल फर्टिलाइजर्स कम्पनी का सिवान रेंक प्वाइंट से 13750बोरा एवं इफको कम्पनी 13333 बोला यूरिया उर्वरक आ रहा है। जिसका वितरण सभी प्रखंडों के आच्छादन के आधार पर समानुपातिक रूप से किया गया है आज से कर तक सभी प्रखंडों में प्रयाप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध हो जाएगा।

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

# अपर जिलाधिकारी ( न्यायिक ) की अध्यक्षता में आई0जी0आर0एस0 की समीक्षा बैठक सम्पन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी ( न्यायिक ) सन्तोष कुमार यादव की अध्यक्षता में आई0जी0आर0एस0 की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का विभागवार समीक्षा कर तत्काल निराकरण किये जाने के निर्देश दिये। इस के साथ ही फरियादियों के शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से प्रत्येक दशा में करने हेतु सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जॉच भी होगी। यदि जॉच के दौरान निस्तारण में कमी मिली तो निश्चित ही सम्बंधित विभागीय अधिकारियों के विरूद्ध इस लापरवाही के लिए कार्यवाही भी सुनिश्चित होगी। उन्होने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में समय से बैठकर फरियादियों की समस्याओं को भी सुने और उनका समयबद्ध ढंग से निस्तारण करना भी सुनिश्चित करें।बैठक में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का निराकरण सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में एक है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही किसी भी दशा में बर्दास्त नहीं की जायेगी। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का सम्बन्धित अधिकारी समयानुसार निस्तारण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होने जनपद स्तरीय अधिकारी को निर्देश दिया है कि शिकायती पोर्टल आई0जी0आर0एस0, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, आनलाइन प्राप्त सन्दर्भ का निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें तथा शिकायतों के निस्तारण को अपने दैनिक कार्यों में सम्मिलित करें,

# यूपीएससी परीक्षा पास कर किसान पुत्र ने किया नाम रोशन



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- किसान के बेटे प्रभाकर वर्मा ने दूसरी बार में यूपीएससी की परीक्षा पास कर जिले का नाम रोशन किया है। यूपीएससी की परीक्षा में आइईएस में चौथी रैंक हासिल किया है।

प्रभाकर की इस सफलता से माता-पिता व क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। जमुनहा तहसील क्षेत्र के नेवरिया ग्राम पंचायत के दुर्गापुर गांव निवासी किसान निर्मल कुमार वर्मा के घर में जन्मे प्रभाकर की प्रारंभिक शिक्षा जिले के विभिन्न विद्यालयों व कालेजों में यूपी बोर्ड से हुई। 23 दिसंबर 2022 को यूपीएससी के इंटरव्यू में आइईएस में चौथी रैंक हासिल की। प्रभाकर वर्मा ने बताया कि उनकी इस सफलता में पिता निर्मल कुमार वर्मा व बाबा रामनरेश वर्मा की अहम भूमिका है

# जिलाधिकारी ने बच्चों की सुरक्षा के लिए कुंए पर लगवाया लोहे का जाल

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- विगत दिनों तहसील इकौना के अन्तर्गत मदारा चौकी गांव में रघुराज पुत्र सन्तराम की 05 साल की पुत्री स्वाती कुंए में खेलते-खेलते गिर गई थी। यह कुंआ गांव के ही जिलेदार पुत्र बेचूलाल के घर के सामने था। जहां पर अभी भी ग्राम वासियों के रीति-रिवाजों का पालन होता था। लेकिन यह कुंआ छोटे बच्चों के लिए खतरा बन चुका था।इस प्रकरण की सूचना ''सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर'' के अन्तर्गत जिलाधिकारी नेहा प्रकाश को मिलने पर उन्होने उपजिलाधिकारी इकौना रोहित को तत्काल मौके पर भेजकर इस समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिये। गांव वालों से वार्ता करके उपजिलाधिकारी ने सबकी सहमति से कुंए पर लोहे का जाल डलवा दिया। इससे अब बिना कुंए को बन्द किये ही बच्चों और जानवरों के गिरने का खतरा समाप्त हो गया, चूंकि कुंए के पास ही भगवान शंकर का स्थान भी है और ग्रामवासी अन्य प्रथाओं का भी पालन करते है। बिना कुंए को बन्द किये हुए इस समाधान से ग्रामवासियों में खुशी है और सभी ने जिलाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# अखिल भारतीय किसान मजदूर मजदूर सभा मैं आपातकालीन बैठक

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद- अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कैंप कार्यालय पर एक आपातकालीन बैठक बुलाई गई तथा प्रदर्शन किया गया जिसमें किसान नेता प्रीतम सिंह ने कहा कि राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय ठाकुरद्वारा पर नियुक्त डॉक्टर योगेंद्र प्रसाद के मेडिकल अवकाश पर होने के कारण डॉ तनु को नियुक्त किया गया है डॉ तनु ने बताया कि होम्योपैथिक चिकित्सालय में 2:00 बजे के बाद मैं तो परिचय बनाए जाते हैं और न ही पुराने पर्चों पर दवाइयां दी जाती हैं और कहा कि मरीज की कोई भी मजबूरी हो 2:00 बजे से पहले पहले उपस्थित होना अनिवार्य है अन्यथा दवाई उपलब्ध नहीं कराई जाएगी अपनी दवाइयां पर्चे पर लिखी हुई बाजार से खरीद सकते हैं सभी दवाइयां मिल जाएंगी। इसकी शिकायत किसान नेता प्रीतम सिंह ने राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजपाल सिंह से की तथा कहा कि मैं अभी बात करता हूं समस्या का समाधान हो जाएगा कोई समाधान नहीं निकाला गया। चिकित्सालय खोलने तथा बंद होने का समय भी दीवार पर दर्शाया जाए। कार्यक्रम में नरेश सिंह रमेश सिंह सुरेंद्र सिंह उदयवीर सिंह खुशीराम सुरेश सिंह आदि मौजूद रहे

# अलाव न लगने पर वार्ड वासियों में नाराजगी अलाव लगाये जाने की मांग



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा नगर के मोहल्ला माता वाली रोड वार्ड 15 के वासियों ने लगाया नगर पालिका पर आलाव न लागने का आरोप किया विरोध प्रदर्शन नगर में बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर पालिका परिसर द्वारा नगर के मुख्य मार्ग पर अलाव लगाये जा रहे है वही एक ओर नगर के माता वाली रोड वार्ड नंबर 15 मोहल्ले वासियों का कहना पालिका द्वारा जगह-जगह गली मोहल्ले चौराहों पर पालिका की ओर से अलाव लगाए जा रहे हैं लेकिन वार्ड 15 माता वाली रोड पर अलाव लगाने को लेकर पालिका की ओर से अनदेखी की जा रही है वार्ड वासियो ने नगर पालिका पर य भी आरोप लगाया है कि नगर पालिका वार्ड नंबर 15 मोहल्ला माता वाली रोड में कोई भी अलाव नही लगाया गया जिसमें वार्डवासियों ने आलाव लगाये जाने की मांग की है

वही वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड मेम्बर की तरफ से भी अलाव का कोई इंतेज़ाम नही किया गया है हमारे साथ पिछले कई वर्षो से यही हो रहा है अलाव लगाने को लेकर अनदेखी हो रही है जिसमे सभी वार्ड वासियों ने अपने पास से ही अलाव की व्यवस्था को चालू कर दिया है मौके पर मलवा जहीर अहमद इकरार अली अमित कुमार धर्मपाल पवन कुमार रवि कुमार आदि मौजूद रहै

# स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन के अवसर पर जन जागरण सप्ताह अभियान के अंतर्गत एक सभा का आयोजन

अफाक हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन के अवसर पर जन जागरण सप्ताह अभियान के अंतर्गत एक सभा का आयोजन प्रदीप फार्म हाउस भीकमपुर छजलेट मुरादाबाद में राष्ट्रीय लोकदल मुरादाबाद यूनिट द्वारा आयोजित हुआ जिसमें मुख्य रुप से लाखों-करोड़ों किसानों और युवाओं के दिलों की धड़कन राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राज्यसभा चौधरी जयंत सिंह जी का 27 दिसंबर को ही 44 वा जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया इसके साथ ही राष्ट्रीय लोक दल मुरादाबाद के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजीत सिंह एडवोकेट का भव्य स्वागत हुआ सभा में सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं दी एवं क़दम क़दम पर राष्ट्रीय लोकदल को मजबूत करने के लिए साथ देने का वादा किया सभा के मुख्य अतिथि डॉ राजकुमार सागवान राष्ट्रीय सचिव राष्ट्रीय लोक दल एवं विशिष्ट अतिथि रुहेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष रामवीर सिंह रहे सभा की अध्यक्षता राजवीर सिंह गुर्जर ने संचालन जिलाध्यक्ष अजीत सिंह एडवोकेट ने कियासभा में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी प्रदेश महासचिव मंगू त्यागी रुहेलखंड क्षेत्र के संगठन महासचिव चौधरी फिजा उल्लाह वरिष्ठ नेता अभिनय चौधरी युवा क्षेत्रीय महासचिव शाहनवाज मलिक आनंदपाल प्रधान निवर्तमान महानगर अध्यक्ष सैयद राशिद अली पराग दूध डेयरी के चेयरमैन प्रदीप सिंह गिल पूर्व राष्ट्रीय महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ चौधरी फहीमुद्दीन महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रोनक खान एडवोकेट जावर खान यावर अली हरि सूदन सिंह गुरमीत सिंह दीपक रंधावा राजन चौहान अक्षय चौधरी निवर्तमान सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष चौधरी मेहर सिंह शाहरुख अल्वी एवं भारी संख्या में किसानों एवं युवाओं ने भाग लिया

# चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा। नगर में आबादी के बीच स्थित खाकेश्वर मंदिर पर दिन दहाड़े दान पात्र को तोड़ हुए मंदिर के पुजारी ने मोहल्ले के लोगों की मदद से पकड़ लिया। मोहल्ले के लोगों ने चोर को दान पात्र को तोड़ने का सामान बरामद कर पुलिस को सौंप दिया था जिसमे पुलिस ने चलानी कार्यवाही करते हुए आरोपी को न्यायलय में पेश किया झा से जेल भेज दिया है नगर में मन्दिर में चोरी को लेकर पुलिस ने पुजारी की तहरीर पर चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी जिसमे पुलिस ने अजय उर्फ रामधीश पुत्र ओमप्रकाश निवासी काशीपुर चुंगी मो० जाटवान के खिलाफ कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया ह न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया है

# तौकीर आलम राष्ट्रीय सचिव मुरादाबाद पधारे

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद-माननीय तौकीर आलम जी राष्ट्रीय सचिव भारतीय कांग्रेस पार्टी मुरादाबाद पधारे महानगर कांग्रेस कमेटी चौमुखा पुल कार्यालय पर जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक संपन्न हुई जिसमें दिनांक 3 जनवरी लोनी बॉर्डर गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में माननीय राहुल गांधी जी सांसद पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय कांग्रेस पार्टी कि भारत जोड़ो यात्रा प्रवेश करेगी इस संदर्भ में जिले से ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंचने के लिए तैयारी करने और उत्तर प्रदेश में माननीय राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा और पदयात्रा में शामिल होंगे इस सब तैयारियों को लेकर सभी नगर पंचायत चेयरमैन प्रत्याशी महापौर प्रत्याशी पार्षद प्रत्याशी जिला कांग्रेस कमेटी महानगर कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष फंटल अध्यक्ष विभाग अध्यक्ष पीसीसी सदस्यों आदि को जिम्मेदारी निर्धारित की श्री असलम खुर्शीद जी की गैरमौजूदगी में उनका प्रतिनिधि श्री अफजल साबरी ने किया और जिले एवं ग्रामीण की ओर से मुख्य रूप से अफजल साबरी राजेंद्र वाल्मीकि ठाकुरद्वारा नगर अध्यक्ष सादिक सिद्दीकी ,ढकिया डिलारी ब्लॉक हाजी जाकिर हुसैन, बिलारी ब्लॉक अध्यक्ष राहत अली ,,काठ अध्यक्ष डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी,, मूंढापांडे ब्लॉक ठाकुर नरेंद्र पाल,, शरीफ आजाद, सलमा आगा गयूर अंसारी भयंकर सिंह बौद्ध मौहतसीम मुख्तार मास्टर जाहिद हुसैन शहजाद खान नाजिम मलिक मोअज्जम अली इरशाद हुसैन सलमान दानिश आदि शामिल रहे अतिथिगण माननीय तौकीर आलम साहब राष्ट्रीय सचिव सचिन चौधरी जी पूर्व मंडल प्रभारी चौधरी सुखराज सिंह रहे राजेंद्र बाल्मीकि जिला मीडिया को ऑर्डिनेटर जिला कांग्रेस कमेटी मुरादाबाद

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख ,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

### How important is free grain?

Free food grains under Pradhan Mantri Garib Kalyan Anna Yojana will continue to be available for one year even after December. There is another good news for the so-called poor that under the National Food Security Act, the food grains which were being provided in the form of wheat at Rs. 2 per kg and rice at Rs. Will be distributed. Those who are recorded as 'poor' in the records of the government, have become bat-bat. In fact, it is not the concern of the Government of India that how many beneficiaries of free grains sell such wheat and rice in the market, because they find those grains to be 'substandard'. The Modi government wants to keep its data 'democratic' that it is providing absolutely free food grains to 81.35 crore poor citizens. Of course, it may not have a wide adverse effect on the economy and financial losses should not be outside the periphery, but some questions are constantly being asked that despite the normalization of economic activities after the Corona period, whether and why it is necessary to continue distributing free food grains? If more than 81 crore people are not provided with 5 kg free food grains per person per month, will they die of hunger? Is there so much poverty and possible starvation in India? Then what is happening to poverty alleviation schemes? What will be the consequences of the additional burden of more than 2 lakh crore rupees on the exchequer of the country by extending the period of free food grains? However, if these two schemes are combined, then about 100 million tonnes of food grains will have to be distributed free of cost. This would be one-third of India's total food grain production. The current stock of wheat and rice in the central pool, as on December 1, was around 55.44 million tonnes. This is less than one-third of the grain compared to the storage of a year ago. The Food Corporation of India does not have as much food grains in its storage as it did after the Corona-era lockdown. That grain was distributed among the people. Of course, the possibilities and apprehensions of the return of the corona virus are being expressed nowadays, but economic activities and production are continuing unabated, so the question is natural, how long will the government continue to distribute free food grains? More or less it is not an alternative solution to poverty and unemployment. Actually this is a very politically astute decision by the Modi government. Of course, BJP may or may not campaign to provide free food grains during the election campaign, but symbolically it has an effect on the psyche of the people. BJP has tried this formula in many elections. Tremendous positive effect of this scheme has been seen especially on women, as a result BJP has been getting mandate despite issues like inflation, unemployment, farmers, discontent, communalism etc. There are elections in 9 states of the country in 2023 and BJP-NDA in most of the states There are governments of Politically, this phase will be no less than an ordeal for the BJP, as the mandate from there can pave the way for the 2024 general elections. population got the constitutional right to get food grains on subsidy. Modi government has given it wide scope. Now not only on subsidy, but absolutely free food grains can be obtained. How many 'black sheep' are involved in the schemes is a different question and needs to be analysed. As much as grains are consumed per person per month, more or less 5 kg of grains fulfills almost half of its requirement.

# Yash's big statement on the strength Kannada cinema got from 'KGF 2', said - this is our year



Yash has given a statement on the success of 'KGF: Chapter 2' and the strength it has given to Kannada cinema. Superstar Yash's film 'KGF: Chapter 2', which has been one of the mega blockbuster films of this year, got a lot of love from all the people. This film echoed the success of the Kannada industry not only in the country but also abroad. From the story of this film to the strong performance of its every character, it was praised all over the world. The phenomenal success of 'KGF: Chapter 2' has raised the stature of Kannada films along with the South Indian industry in the cinema world. This is the belief of the whole of India. In such a situation, now the reaction of the film's lead actor Yash has come to the fore. Let us know what Yash has to say on this.. There is no doubt about it, the KGF franchise films starring Yash have given the audience an experience that was never seen before in Kannada films. Keeping the action of Kannada films alive, Prashanth Neel presented such a cinematic charisma in front of everyone, seeing which everyone's mouth turned out to be amazing. In such a situation, people have given credit to Yash for taking Kannada cinema to this level, which has now been accepted by the actor himself. Yash admitted that it was something he had dreamed of in 2014 during a local event in Bangalore. Talking about his belief and vision, Yash said, 'My industry has always been very good. It's just that we haven't been active and we've never had the same opportunity to show how great it is. So for the past few years, I've been saying this everywhere because I can actually see it and I want to put my thoughts within the industry. I could see it clearly and visualize it. I believe that whatever we say in the Universe, it definitely happens. I feel whenever you have a clear vision of your goal, you are working towards it and you will never lose sight of it. Sharing his sentiments on this, Yash said, 'This is the year of dreams, this is the year of Kannada cinema. This is the year of cinema of the common man. A lot of people without any background have been able to make big achievements this year. It is not just about fame. It's about the team. Especially KGF is not just about Yash, it is about the entire team. My director and every technician who worked in the film. So it was everyone's dream.

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

प्रदेश

www.knlslive.com

28 December 2022



# सम्भल, मुरादाबाद एवं बिजनौर में आयुष्मान भारत की प्रगति खराब होने पर सीएमओ अभियान चलाकर अधिक से अधिक परिवारों को गोल्डन कार्ड से आच्छादन करें-कमिश्नर

मुरादाबाद -माननीय मुख्यमंत्री जी के सर्वोच्च प्राथमिकता कार्यक्रमों व अन्य विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक मंडलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में आहूत की गई। आयुक्त द्वारा समस्त जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्त सरकारी भूमि का चिन्हाकन करें व् चरागाह की जमीनों पर पशुओं हेतु नेपियर घास की व्यवस्था की जाए। सरकारी भूमि के चिन्हांकन में जनपद अमरोहा के हसनपुर तहसील का कार्य खराब पाया गया, स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में यह निर्देश दिए गए की हर स्तर पर दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को दवाइयों के वेयर हाउस का निरीक्षण कर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनपद बिजनौर के जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी का लाइब्रेरी व् नक्षत्र शाळा के निर्माण में अच्छा कार्य पाया गया। प्रधान मंत्री आवास योजना( ग्रामीण ) में यह वर्ष 20-21 व् 21-22 के आवास जनपदों में अधूरे हैं। जनपद मुरादाबाद में वर्ष 20-21 के 38 लाभार्थियों को अभी तक तृतीय किस्त नहीं प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व् ग्रामीण में अनियमितता पर कडी कार्यवाही की चेतावनी दी गई। पूर्ण दर्शित अमृत सरोवरों का तत्काल सत्यापन किया जाए। सोशल ऑडिट में पाया गया कि मंडल के विभिन्न जनपदों में 39.41 लाख की धनराशि वसूली हेतु शेष है । जनपद रामपुर तथा संभल में सोशल ऑडिट के अनुपालन का काम खराब है, राशन डीलर की तैनाती में अमरोहा जनपद के हसनपुर तहसील का कार्य बहुत खराब पाया गया, जिलाधिकारी अमरोहा को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। संयुक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा बैठक से अनुपस्थित थे, जिस कमिश्नर ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा सभी अधिकारियों को समीक्षा बैठकों को अपेक्षित गंभीरता से लेकर उनमें प्रतिभाग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संयुक्त निदेशक उद्योग को उद्योगों का क्लस्टर बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं ताकि उद्यमियों की समस्याओं का समाधान हो व उत्पादन वृद्धि हेतु आधारभूत सुविधाएं दी जा सके।

समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों में जनता का आना जाना रहता है वहां शौचालय, शुद्ध पेयजल एवं बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराये। पूर्व बैठक में विरासत के अविवादित प्रकरणों को समय से निस्तारण करने के निर्देश देने के वाबजूद भी पेन्डेन्सी बने रहने तथा उपजिलाधिकारियों से पशुचर की भूमि की उपलब्धता का विवरण उपलब्ध कराये जाने हेतु दिये गये निर्देशों का अनुपालन न करने पर कमिश्नर ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारियों को आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। आई0जी0आर0एस0 एवं मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज होने वाली शिकायतों के संबंध में भी गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने तथा शिकायत कर्ताओं द्वारा आयुक्त कार्यालय में शिकायतें देने के संबंध में आयुक्त ने अधिकारियों को सचेत किया कि पुन: कोई शिकायत लेकर आता है तो उच्च स्तर का अधिकारी इसकी जांच करें और शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

आयुक्त ने मण्डलीय अधिकारीगण को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का भौतिक सत्यापन मौके पर जाकर फील्ड में देखें तथा सभी अधिकारी टीम भावना एवं समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। आयुक्त ने सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य विकास अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारण कर विकास कार्यो की सतत् मानीटरिंग एवं सुपरविजन करने के भी निर्देश दिये। निराश्रित/बेसहारा गौवंश सहभागिता योजना के अर्न्तगत आंकड़े ठीक न होने पर सीडीओ बिजनौर को सही आंकड़े प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। चिकित्सालयों के निरीक्षण में यदि चिकित्सक गायब मिलते हैं तो आयुक्त ने जिलाधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवाओं की उपलब्धता बनाये रखने के निर्देश दिये हैं। आयुक्त ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के सफल संचालन हेतु नगर निकायों एवं ब्लाकों में लाईब्रेरी की स्थापना करने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में अपात्रों को आवास आवंटन में जियो टैगिंग करने वालों के खिलाफ कडी कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

समीक्षा बैठक में आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में मण्डल में गोल्डन कार्ड का कार्य सम्भल, मुरादाबाद एवं बिजनौर में संतोषजनक नही होने पर कार्य प्रगति बढाकर गोल्डन कार्ड जारी करने के निर्देश दिए। परिवार नियोजन में मण्डल की प्रगति खराब होने पर ए0डी0 हेल्थ को प्लानिंग बनाकर लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर को एक्टिवेट रखने के निर्देश ए0डी0 हेल्थ को दिए। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं जननी सुरक्षा योजना में प्रगति संतोषजनक नही होने पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए नियमित एवं शत प्रतिशत भुगतान करने के निर्देश दिये। नियमित टीकाकरण में बिजनौर एवं सम्भल की प्रगति खराब होने पर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने मण्डल के सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों की कार्य प्रणाली पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए नियमित टीकाकरण का ग्राफ गिरने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि दवाओं की उपलब्धता निचले स्तर पर बनाये रखें। जननी सुरक्षा योजना में मुरादाबाद द्वारा अन्य जनपदों से कम भुगतान करने पर तथा संस्थागत प्रसव में भी स्थिति खराब होने पर आयुक्त ने ठीक प्रकार से कार्य करने के निर्देश दिये हैं। सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं पंचायत भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने अक्रियाशील पंचायत भवनों की एक्टिवेट रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि विद्यालयों व कार्यालयों में महिला यूरिनल की व्यवस्था बनायें, कस्तूरबा गांधी विद्यालय का सौन्दर्यकरण करें, पंचायत भवन में जनसुविधा केन्द्र की स्थापना सहित महिलाओं हेतु सिंगल विंडों की स्थापना की जाये। अधिकारी विद्यालयों का निरीक्षण करते रहें तथा वहां के खाने की गुणवत्ता को भी परखते रहें। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए उप निदेशक पूर्ति को लाभार्थियों को पूरा राशन उपलब्ध कराने के साथ ही सत्यापन का कार्य करने के निर्देश दिये तथा आयुक्त ने पेंशन के नाम पर अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ कडी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिऐ कि विरासत के मामलें पेन्डिंग न रहें इसको सुनिश्चित किया जाये। उन्होंनें ए0डी0 बेसिक को निर्देशित किया कि स्कूलों के निरीक्षण के साथ प्रयोगशालाओं का भी निरीक्षण किया जाना सुनिश्चित करें। आयुक्त ने निर्देशित किया कि ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर शिकायतों का समयबद्धता से निस्तारण करते रहें। श्रमिक पंजीयन में जनपद सम्भल में अत्यधिक श्रमिक होने के वाबजूद भी श्रमिक पंजीयन कम होने पर आयुक्त ने बढ़ाने के निर्देश दिये तथा श्रम विभाग के उपकर संग्रह में मुरादाबाद 43 प्रतिशत, रामपुर 30 प्रतिशत की प्रगति होने पर बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने श्रम योजनाओं में प्राप्त आवेदन के सापेक्ष स्वीकृति का भुगतान में प्रगति खराब होने पर आयुक्त ने डीएलसी को ठीक प्रकार से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर द्वारा पंचायत भवन तथा सामुदायिक शौचालय की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये गये कि समस्त सामुदायिक शौचालयों को क्रियाशील रखा जाये तथा चेतावनी दी कि सामुदायिक शौचालय बंद पाये जाने पर विभागीय कार्यवाही की जायेगी। बैठक में जिलाधिकारी मुरादाबाद शैलेन्द्र कुमार सिंह, अमरोहा बालकृष्ण त्रिपाठी, बिजनौर उमेश मिश्रा, जिलाधिकारी सम्भल मनीश बंसल, जिलाधिकारी रामपुर रबिन्द्र कुमार मांदड़, अपर आयुक्त प्रशासन श्री बी0एन0 यादव, संयुक्त विकास आयुक्त श्रीकृष्ण पाण्डेय, डिप्टी कमिश्नर गजेन्द्र प्रताप सिंह, सीडीओ मुरादाबाद सुमित यादव सहित सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी, ए0डी0 हेल्थ, अपर मुख्य चिकित्साधिकारीगण, संयुक्त निदेशक कृषि, डब्ल्यूएचओ एवं यूनिसेफ के प्रतिनीधि सहित एस0ई0 सिंचाई, विद्युत, लोक निर्माण विभाग, उप निदेशक समाज कल्याण, उप निदेशक पूर्ति, उप निदेशक उद्यान, उप निदेशक प्रोबेशन, उप निदेशक पंचायतीराज, पशुपालन, सेतु, आईसीडीएस आदि विभागों के मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित थे। संचालन डिप्टी कमिश्नर गजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। बैठक का संचालन डिप्टी कमिश्नर गजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया।

## सिटी ट्रांसपोर्ट सर्बिसेज लि0 शहर में बेहतर यात्री सुविधा उपलब्ध करायें-कमिश्नर

मुरादाबाद - मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मुरादाबाद सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्बिसेज लि0 की बैठक आहूत की गयी। बैठक में मुरादाबाद स्मार्ट सिटी सर्बिसेज लि0 के संचालन प्रतिफलो /आय व्यय की समीक्षा की गयी तथा रेलवे एवं उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की तर्ज पर नगरीय परिवहन द्वारा संचालित बसों में सांसद, विधायक, मान्यता प्राप्त पत्रकार, स्वतन्त्रता सेनानी, दिव्यांग एवं विशिष्ट श्रेणी के व्यक्तियों को रियायती यात्रा सुविधा, नगरीय परिवहन बसों से घटित होने वाली दुघर्टनाओं में मृतक आश्रितों एवं घायलों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता तथा बस स्टैण्ड की स्थिति को और अच्छा करने के निर्देश दिए। वातानुकूलित बसों का किराया साधारण बसों के बराबर करने, इलेक्ट्रिक बसों हेतु चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में एस0पी0वी0 के अर्न्तगत जी0सी0सी0 मोड पर इलेक्ट्रिक ए0सी0 बसों के मेन्टीनेन्स एवं चार्जिंग डिपों के लिए भूमि उपलब्ध कराने, नगरीय बसों का संचालन मैट्रोपॉलिटन एरिया के अर्न्तगत कराये जाने तथा कार्यालय प्रयोगार्थ एवं मार्ग चैकिंग हेतु स्टाफ कार आवद्ध किए जाने के संबंध में चर्चा की गयी। मण्डलायुक्त ने सिटी ट्रांसपोर्ट सर्बिसेज लि0 को शहर में बेहतर यात्री सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों में साफ-सफाई की चाकचैबंध व्यवस्था सुनिश्चित की जाये एवं सेनिटाईजिंग किया जाता रहें। यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हों इसका विशेष ध्यान रखा जायें, बस खराब होती है तो जीपीएफ सिस्टम से पता लगाये कि कौन सी बस नजदीक है तत्काल बस को बुलाकर यात्रियों को बैठाकर बस को रवाना किया जाये। उन्होंने कहा कि सिटी ट्रांसपोर्ट सर्बिसेज लि0 हर स्टाप पर बस को आने की टाईमिंग फिक्स हो, बस स्टाप कहां-कहां हैं इसका भी लोगों को ज्ञान हों। सभी बसों के स्टाप पर व्यवस्थायें बेहतर एवं दुरस्त रहें। जहां बस का स्टाप है वहां बोर्ड भी लगायें, ताकि लोगों को जानकारी उपलब्ध होती रहें। उन्होंने सिटी ट्रांसपोर्ट सर्बिसेज लि0 को टोल फ्री नम्बर भी जारी करने के निर्देश दिए हैं , ताकि लोग फीडबैक/ सुझाव /समस्या से अवगत करा सके।

बैठक में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, आरएम रोडवेज मो0 परवेज खान एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# नेत्र चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- गांधी स्मारक इंटर कॉलेज जनपद एटा में आज कल्याण करोति मथुरा द्वारा संचालित श्रीजी बाबा नेत्र चिकित्सा संस्थान मथुरा द्वारा एवं श्याम स्टील लिमिटेड कोलकाता के तत्वधान में नेत्र चिकित्सा शिविर का हरी गंगा फिलिंग स्टेशन में आयोजन किया गया आयोजन के दौरान तमाम मरीजों ने अपने नेत्रों का परीक्षण भी कराया तथा निशुल्क दवाइयां प्राप्त की आपको बता दें लगातार सक्रिय रहने वाली संस्था कल्याण करोति मथुरा द्वारा संचालित श्रीजी बाबा ने चिकित्सा संस्था चिकित्सा शिविर हरी गंगा फिलिंग स्टेशन में आयोजन किया गया इस दौरान 225 मरीजों ने अपना




पंजीकरण कराकर वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा नेत्रों का सफल परीक्षण कराया परीक्षण के द्वारा मिले 85 मोतियाबिंद के मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन हेतु श्री बाबा नेत्र चिकित्सालय मथुरा भेज दिया गया

वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम में धनंजय वशिष्ठ अनुभव उपाध्याय श्यामसुंदर यगदेव आर्य चंदन सिंह विपिन गुप्ता मौजूद रहे।

# झोझा जलप्रपात और मनरेगा के कार्यों का परियोजना निदेशक ने किया निरीक्षण



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही-कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार परियोजना निदेशक जिला पंचायत ( डीआरडीए ) श्री आर के खूंटे ने आज जोझा जलप्रपात का भ्रमण कर यहां आजीविका गतिविधियों के लिए स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रेरित किया। उन्होने जोझा जलप्रपात पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समूह की महिलाओं से चर्चा की और आजीविका गतिविधियों के तहत जलपान एवं भोजन के लिए शेड निर्माण के साथ ही शौचालय एवं नाडेप निर्माण के लिए तत्काल कार्यवाही करने संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को निर्देश दिए। श्री खूंटे ने ग्राम पंचायत बगरा और बस्ती मे मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये।

# कई ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान के प्रयासों को सराहा, अन्य सभी को प्रेरणा लेने की दी नसीहत

## रिसिया बीडीओ ग्राम पंचायतो मे विकास कार्यों का कर रहे निरीक्षण

अमरीक सिंह
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बहराइच के रिसिया खंड विकास अधिकारी लगातार ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। विकास खंड अधिकारी ग्राम पंचायतों के जांच के दौरान ग्राम पंचायत प्रधान द्वारा कराए गए निर्माण कार्य को देखते हुए ग्राम प्रधान की प्रशंसा की। इसके साथ ही विकास खंड अधिकारी विनोद कुमार यादव ने विकासखंड क्षेत्र के कई ग्राम प्रधानों से इसी तरह ग्राम पंचायतों के विकास कार्य गुणवत्ता के साथ कराने का आव्हान किया।




रिसिया खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार यादव ने एडीओ पंचायत एवं एपीओ मनरेगा के साथ लगातार ग्राम पंचायतों में पहुंचकर औचक निरीक्षण कर रहे हैं। विकास खंड अधिकारी विनोद कुमार यादव ने ग्राम पंचायत तो के प्रत्येक गली में हुए निर्माण कार्य को बारीकी से देख रहे हैं। ग्राम में बने पंचायत घर, प्राथमिक विद्यालय, सुलभ शौचालय, अमृत सरोवर तालाब, गौशाले, गांव में बने नाली खड़ंजे इंटरलॉकिंग का भी निरीक्षण कर रहे हैं। मानक के अनुरूप हुए सभी कार्य को देखकर खंड विकास अधिकारी प्रधानों की प्रशंसा कर रहे हैं। कई ग्राम पंचायत में डस्टबिन नहीं है जिससे गंदगी बढ़ने की आशंका है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की ग्राम पंचायतों को सुविधाओं से सुसज्जितकरते हुए साफ-सफाई और सुंदरीकरण में नंबर वन बनाने का प्रयास किया जा रहा है। रिसिया क्षेत्र के रघुनाथपुर, कग्गर, धनौली खुर्द, गौरा धनौली, केवलपुर,भौखारा, एलासापुर अगईया, पडरीतारा, करौंदा, बुलबुल नवाज, मोहरबा, भदवारा, परसा खरगोन, अमावा मौलवी, महारथा, लीला पारा, समोखन, शंकरपुर, मदारागडी, जोकहा सलारपुर, पिपराहवा, मासुपुर, बड़ेहरा, पूरे रामदीन, बड़गांव, जमालुद्दीनजोत, इन ग्राम पंचायतों में विकास के अच्छे कार्यों को लेकर ग्राम प्रधानों की हो रही प्रशंसा।प्रधान के कार्यों से सभी संतुष्ट हैं। उनके प्रयास से गांव में काफी कार्य हुए हैं। इस समय गांव की मुख्य सड़क, गलियों, तिराहे पर लाइट लगवाने की तैयारियां जल्द की जाएगी। इससे गांव में चारों ओर उजाला होगा। अधिकारी भी गांव में आते हैं और समस्याएं पूछकर प्रधान से ही निस्तारण के लिए कहते हैं।

ऑफर
आप यहाँ
अपना विज्ञापन
लगवाये बहुत
ही कम प्राइस
में
संपर्क करे-
9027776991

# कौड़ियागंज में करंट से चार नींल गायों की मौत

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अकराबाद - कस्बा कौड़ियागंज के निकट एक खेत के चारों ओर लगे तार में एक किसान द्वारा करंट छोड़ देने से चार नील गायों की करंट से मौत हो गई। और मृत नील गायों को पड़ौसी किसान के सरसों के खेत में फेंक दिया। मामले में कोतवाल एम.पी.सिंह ने बताया है। कि गांव सिकंदर पुर निवासी हुकुम सिंह पुत्र नरसिंहपालसिंह की तहरीर पर आरोपी बुच्चा व उसके दो भाईयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाई की जा रही है।

# प्रेमिका से मिलने आए युवक को को पीटकर किया लहूलुहान काफी समय से चल रहा था प्रेम प्रसंग का सिलसिला दोनों का

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- चंडौस थाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक व पड़ोसी गांव की युवती एक ही स्कूल में पढ़ते थे दोनों में प्रेम प्रसंग होने की जानकारी युवती के परिजनों को हो गई जिसके बाद युवती का स्कूल जाना बंद कर दिया गया मंगलवार वो दोनों गांव के निकट एक बाग़ में मिलने पहुंचे जिसकी जानकारी युवती के गांव के कुछ लड़कों को हो गई जिसके बाद उन्होंने प्रेमी को घेर लिया प्रेमिका को घर भेजकर प्रेमी को जमकर पिटाई करके लहूलुहान कर दिया बाद में माफी मांगने पर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया किसी भी पक्ष द्वारा मामले की शिकायत पुलिस से नहीं की गई लेकिन मामला चर्चा का विषय बना क्षेत्र में

# अनुभूति बन रही है सर्दी में बेसहारा लोगों का सहारा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज,पटियाली विधानसभा क्षेत्र में रचनात्मक कार्यों के लिए पहचाने जाने वाली अनुभूति सेवा समिति की संरक्षक किरण यादव व समिति के प्रेरणास्त्रोत आई.जी.अंशुमान यादव जी ने आज अनुभूति प्रगति एवं परिवर्तन



केंद्र,सिढपुरा पर किरण यादव ने अपनी स्व.माँ उर्मिला यादव जी की 13वीं पुण्यतिथि पर सर्दी से बचने के लिए जरूरतमंदों,बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं व बेसहारा लोगों को 560 कंबलों का वितरण किया इस मौक़े पर किरण यादव ने कहा कि मानवता की हर समय सेवा करना ही मेरा धर्म और कर्म है इस मौके पर रामेश मिश्रा,लक्ष्मणसिंह यादव,प्रवीन यादव, अनिल यादल,बबलू यादव,मुशाहिद,पंडित ललित कुमार मिश्रा, चंदन पांडे,सोनू सोलंकी, अशोक यादव,प्रवेश यादव,बबलू गुप्ता, अवधेश यादव, राजबहादुर यादव, शकील भाई शिवराज यादव,आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।।

# हिन्दू एकता समूह की संगठन कार्यकारिणी का गठन

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-हिन्दू एकता समूह की संगठन कार्यकारिणी का गठन हुआ एवं हिंदू नव वर्ष शोभायात्रा पर रूपरेखा तैयार की जिला एटा के नगर अवागढ़ की हे जहा आज दिनांक 27/12/2022 को हिंदू एकता समूह की मुख्य कार्यकारिणी बैठक अवागढ़ टूंडला मार्ग, पर संस्थापक शुभम हिन्दू के आवास पर हुई जिसकी अध्यक्षता हिंदू एकता समूह के संस्थापक शुभम हिंदू के द्वारा हुई जिसमें मुख्य बिंदु 22 मार्च 2023 को भगवा यात्रा के संदर्भ में चर्चा हुई। साथ ही हिंदू एकता समूह की कार्यकारिणी गठित की गई जिसमें अध्यक्ष शुभम हिंदू, उपाध्यक्ष अतुल लोहार, प्रभारी पवन चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष मुकेश तोमर,सह कोषाध्यक्ष सचिन वर्मा, महासचिव वीरेंद्र पाल सिंह, सचिव रयंक, सचिव अंशु ठाकुर, मीडिया प्रभारी सर्वेद्र कुमार, सलाहकार अमित जैन, प्रवक्ता शिवम शुक्ला, संगठन प्रवक्ता हर्ष बृजवासी, व्यवस्था प्रमुख शिवम शर्मा, को नामित किया गया। संगठन का मुख्य नारा गौशाला नही उपाय हर परिवार एक गाय है। अंत में हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष में हिंदू एकता समूह द्वारा हर वर्ष भगवा पैदल यात्रा रखी जाती है जो इस बार 22 मार्च 2023 को पड़ रही है एवम सभी पदाधिकारियों की सहमति से शोभायात्रा का प्रारंभ स्थान हनुमानगढ़ी मंदिर किला रोड अवागढ़ से होते हुए राजा पेट्रोल पंप आगरा रोड पर समापन होगा। इस मोके पर संगठन के संस्थापक शुभम हिन्दू, पवन चतुर्वेदी, अतुल लुहार, अमित जैन मंगी,मुकेश तोमर,शिवम् शर्मा, सोनू यादव, अंशु ठाकुर, होडल , शिवम शुक्ला,सर्वेद्र शर्मा,मनोज , विनय जादौन, सचिन मामा मोजूद रहे

# विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिजनों को मुख्यमंत्री की ओर से आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया

योगेश मुदगल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सिक्किम में शहीद हुए सैनिक श्री भूपेंद्र सिंह जी के गांव ताजपुर अद्दा पहुंचकर पर्यटन मंत्री व जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों आदि ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिजनों को मुख्यमंत्री की ओर से आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया सिक्किम बस दुर्घटना में शहीद हुए सैनिक श्री भूपेंद्र सिंह जी के ताजपुर अद्दा पहुंचकर पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह भदौरिया, क्षेत्रीय विधायक सत्यपाल सिंह राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों आदि ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिजनों को आर्थिक सहायता का चेक मुख्यमंत्री योगी सरकार के मंत्री श्री जयवीर सिंह भदौरिया जो कि मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में प्रदान किया। अमर शहीद का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया, माँ भारती के सच्चे सपूत को शत शत नमन! इस अवसर पर मा0 विधायक सत्यपाल सिंह राठौर, गजेन्द्र सिंह चौहान ꠸बबलू꠸ व डॉ. विनय प्रताप,कुशल प्रताप सहित जनपद के अन्य मा0 जनप्रतिनिधिगण, एसएसपी उदय शंकर सिंह, एडीएम प्रशासन आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारीगण, सेना के जवान, क्षेत्रीय जनसामान्य मौजूद रहा।

# एल 1 हॉस्पीटल जैथरा पर किया गया मॉक ड्रिल



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-समूचे भारत में आज मंगलवार को कोविड महामारी के कन्ट्रोल के लिऐ किऐ गऐ मॉक ड्रिल के साथ ही एटा की सुदूरवर्ती तहसील अलीगंज के कस्बा जैथरा में सीएमओ डा. उमेश त्रपाठी के निर्देश में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राम मोहन तिवारी व डिप्टी सीएमओ डा. सर्वेश कुमार के निगरानी में एल 1 हॉस्पीटल जैथरा पर किया गया मॉक ड्रिल ! इस दौरान कोविड से संबंधित सभी नियमों का किया गया अक्षरशः अनुपालन !

# 02 परिवारों को समझा कर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी किया

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में महिला थाना कैम्पस स्थित नारी उत्थान केंद्र भवन में संचालित परिवार परामर्श केंद्र एटा में आज आपसी मतभेदों के कारण टूटने के कगार पर खड़े 02 परिवारों को समझा कर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी किया गया। वादी - सुमन कुमारी पुत्री राधेश्याम हाल निवासी पलौदी थाना जलेसर जिला एटा। प्रतिवादी - बबलू कुमार पुत्र सोमवीर निवासी नगला आशा थाना अकाराबाद जिला अलीगढ़। वादी- हिना पुत्री खुश नूर अहमद हाल निवासी हाल निवासी नाले वाली गली पटियाली गेट थाना कोतवाली नगर जिला एटा। प्रतिवादी - आरिफ पुत्र शकील व्यापारी निवासी अजमेरी गेट यहां बीवी मस्जिद के पास थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद। दोनों परिवारों की आपसी मतभेदों के कारण परामर्श केंद्र में पत्रावली प्रचलित थी। दोनो परिवारों को परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलिंग कर समझाया गया, अब दोनों परिवार अपनी पिछली गलतियों को मानते हुए साथ रहने के लिए राजी हुए है। आज की बैठक में प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केंद्र निरीक्षक ब्रह्मवती, इंस्पेक्टर बेगराम सिंह,काउंसलर डॉ0 श्यामलता वेद , संजीव तिवारी,पुलिस स्टाफ कॉन्स्टेबल पूजा, गौरी,धर्मवीर मौजूद रहे।

# जलेसर में स्टेट बैंक चोरी के इरादे से घुसे चोर

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जलेसर में स्टेट बैंक चोरी के इरादे से घुसे चोर, झीने की काटकर दीवार काटकर बैंक के अंदर घुसा चोर, सुबह बैंक खुलने पर कर्मचारियों को झीने की दीवार कटी हुई मिली बैंक प्रबंधक द्वारा जलेसर थाना पुलिस को दी गई सूचना मौके पहुंची जलेसर थाना पुलिस,सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी धनंजय सिंह कुशवाहा एवं सीओ भी मौके पर पहुंचे डॉग स्मार्ट टीम एवं फोरेसिस टीवी भी स्टेट बैंक पहुंची जांच पड़ताल में जुटी, बैंक के सीसीटीवी कैमरे में चोर की तस्वीर हुई क्या, जलेसर कस्बे के एमजीएम इंटर कॉलेज के पास भारतीय स्टेट बैंक का मामला

# बाल श्रम/भिक्षावृत्ति/नशा के विरूद्ध अभियान चलाया गया

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा के निर्देशन में थाना एएचटीयू की टीम द्वारा जनपद में बाल श्रम/भिक्षावृत्ति/नशा के विरूद्ध अभियान चलाया गया । उ0प्र0 शासन के आदेशानुसार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के आदेशानुसार चलाये जा रहे बाल श्रम/भिक्षावृत्ति एवं नशे की रोकथाम अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक एवम अपर पुलिस अधीक्षक,( अपराध ) एटा के कुशल निर्देशन मे थाना एएचटीयू एटा व श्रम प्रवर्तन अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा आज दिनांक 27.12.2022 को जनपद के कोतवाली नगर एवं थाना निधौली कलां क्षेत्र में बस स्टैंड एवं मुख्य बाजारों में बाल श्रम/भिक्षावृत्ति के विरूद्ध अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत थाना एएचटीयू टीम व बाल श्रम अधिकारी द्वारा दुकानों /बस स्टैंड/ होटल आदि बडे संस्थानों तथा उनके आस-पास के क्षेत्रों में चेकिंग/निरीक्षण कर दुकानदारों / कारोबारियों एवं आम जनमानस को नाबालिक बालकों से मजदूरी आदि न कराने सम्बन्धी दिशा निर्देश दिये गये । इसी दौरान टीम द्वारा 05 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया , तथा बाल श्रम अधिकारियों द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

# न्यू ईयर के लिए लाई गईं विदेशी लड़कियां, व्हाट्सएप पर भेजते थे तस्वीरें, सामने आई रेट लिस्ट

आगरा के फतेहाबाद मार्ग स्थित एक होटल के बेसमेंट में स्पा की आड़ में देह व्यापार कराया जा रहा था। थाईलैंड और म्यांमार की युवतियां को बुलाया गया था। पुलिस ने रविवार रात को छापा मारकर सात युवतियों, चार ग्राहकों और संचालक सहित चार कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि नववर्ष के लिए आगरा में विदेशी युवतियां बुलाई गई थीं। आरोपी व्हाट्सएप पर लड़कियों की तस्वीरें दिखाते थे। इसके बाद आगे की बातों को तय किया जाता था। पुलिस के छापे के दौरान स्पा सेंटर से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई। मामले में अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है। एसीपी सदर अर्चना सिंह ने बताया कि नए साल से पहले पुलिस होटलों की जानकारी ले रही थी। मुखबिर से सूचना मिली कि फतेहाबाद मार्ग पर राइव स्पा सेंटर चलता है। उसमें स्पा की आड़ में देह व्यापार कराया जा रहा है। यह लखनऊ के किसी अमित मिश्रा का है। जानकारी की गोपनीय तरीके से पुष्टि की गई। इसमें यह सही निकली। इस पर पुलिस ने टीम ने छापा मारा। स्पा सेंटर में केबिन बनाए गए थे। युवतियां को एक-एक करके ग्राहकों को दिखाया जाता था। एजेंट ग्राहकों को लेकर आते थे। इसके बाद रेट तय होता था। सेंटर के अंदर विदेशी युवतियां भी मौजूद थीं। चार ग्राहक भी आए थे, सभी को पकड़ लिया गया। संचालक और कर्मचारी भी पकड़ लिए गए।पुलिस की पूछताछ में पता चला कि युवतियों को ठेके पर बुलाया




जाता था। नववर्ष के लिए ज्यादा मांग थी, क्योंकि आगरा में बाहर से भी लोग आते हैं। स्पा सेंटर के साथ ही व्हाट्सएप पर भी बुकिंग की जा रही थी। सोशल मीडिया पर प्रचार किया जाता था। थाई और सेंडविच मसाज का विज्ञापन देते थे।ग्राहकों से 45 मिनट के 1200 रुपये लिए जाते थे। अगर, इससे ज्यादा




देर के लिए बुकिंग होती तो 500 रुपये 15 मिनट के हिसाब से अलग से रकम देनी पड़ती थी। थाईलैंड की युवतियां टूरिस्ट वीजा पर भारत आई थीं। एजेंट के माध्यम से यह काम कर रही थीं। उनके खिलाफ विदेशी अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की जाएगी।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

गिरफ्तार आरोपियों में संचालक अमित मिश्रा (शारदा नगर, लखनऊ), संजय कुमार कन्नौजिया (सैनिक नगर, सदर), विख्यात (हुसैन गंज, लखनऊ), मैनेजर खालिद (राजाजी पुरम, लखनऊ), ग्राहक विकास शाक्य (शाहदरा, दिल्ली), अनूप नंदी (कोलकाता, पश्चिम बंगाल), मुबीन (नकारची टोला, फिरोजाबाद) और अशरफ अली (नसीरगंज, फिरोजाबाद) हैं। इसके अलावा तीन थाईलैंड, दो म्यांमार और दो असोम की रहने वाली हैं। आरोपियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार अधिनियम और 14 विदेशी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों से 18 मोबाइल,एक लैपटॉप, तीन पासपोर्ट, एक ई-वीजा, तीन आधार कार्ड, 144720 रुपये बरामद किए हैं।

# ........पेज न. 01 का शेष - सडक़ हादसों ने ली छह की जान, आगरा एक्सप्रेस-वे पर एकसाथ बुझे तीन घरों के चिराग, कार के उड़े परखच्चे



बताया गया है कि सोमवार को अधिशासी अधिकारी सुधीर सिंह, असलम व तनुज ठाकुर लखनऊ से वापस मेरठ के लिए लौट रहे थे। उन्नाव कट के पास आगरा एक्सप्रेस वे पर पहुंचने पर सड़क दुर्घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।तीनों को कन्नौज स्थित तिर्वा मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां, उपचार के दौरान सबसे पहले अधिशासी अधिकारी ने दम तोड़ दिया। इसके बाद असलम और तनुज की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। कन्नौज पुलिस ने मामले की जानकारी दौराला नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को फोन पर दी। सूचना मिलने पर कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई। तनुज ठाकुर को स्वच्छ भारत मिशन के तहत लावड़ नगर पंचायत में टीसी की जिम्मेदारी दी गई थीसिवालखास व हर्रा का था अतिरिक्त चार्ज

अधिशासी अधिकारी सुधीर सिंह पर लावड़ नगर पंचायत के अलावा सिवालखास व हर्रा नगर पंचायत का भी अतिरिक्त कार्यभार था। साथ ही असलम पर भी लावड़ के अलावा हर्रा और खिवाई नगर पंचायत का लिपिक का चार्ज था।

सप्ताह भर पहले असलम पर हुई थी कार्रवाई- लावड़ नगर पंचायत में तैनात असलम पर विभिन्न मामलों में धांधली बाजी की शिकायत कमिश्नर से की गई थी। जिसको लेकर मामले की जांच चल रही थी। असलम ने लावड़ नगर पंचायत में सफाई कर्मचारी के पद पर नियुक्ति पाई थी बाद में लिपिक के पद की जिम्मेदारी मिली। लेकिन नियम खिलाफ लिपिक का पद दिए जाने को लेकर शिकायत की गई थी। सप्ताह भर पहले ही कमिश्नर के आदेश पर असलम से लिपिक का चार्ज छीन लिया गया था और दोबारा सफाई कर्मचारी के पद की जिम्मेदारी दी गई।इसी तरह नजीबाबाद में तेज रफ्तार ट्रक ने दो की जान ले ली-- नजीबाबाद-कोटद्वार मार्ग पर दो बाइक सवार मोहम्मद आमिर और सलमान को ट्रक ने कुचल डाला। घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। सीओ गजेंद्र पाल सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। जांच-पड़ताल में सामने आया कि नजीबाबाद के मुगलूशाह निवासी दोनों युवक मजदूरी करने बढ़िया जा रहे थे। घने कोहरे के कारण बाइक सवार दोनों युवक एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गए। ट्रक बाइक को लगभग 150 मीटर घसीटते हुए ले गया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रक चालक घटनास्थल पर ही ट्रक छोड़कर फरार हो गया।मुजफ्फरनगर में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत-





मुजफ्फरनगर के छपार क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से सोमवार रात दिल्ली-देहरादून हाईवे पर बाइक सवार युवक की मौत हो गई । मृतक की शिनाख्त अब्दुलपुर गाव निवासी होशी (40) के रूप में हुई है। मृतक राना चौक स्थित फैक्टरी में नौकरी करता था।सोमवार देर रात रामपुर तिराहा चौकी प्रभारी विनीत मलिक पुलिसकर्मियों के साथहाईवे पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान गांव सिसौना के पास सड़क पर एक व्यक्ति लहुलूहान हालत में पड़ा मिला। पुलिस ने उसे उठाकर उपचार के लिए मुजफ्फरनगर चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सिपाही ने शादी का झांसा देकर युवती से बनाए संबंध, फेसबुक पर फंसाया था प्रेमजाल में

सिपाही ने फेसबुक पर युवती से दोस्ती की और शादी का झांसा देकर 11 महीने तक दुष्कर्म करता रहा। सिपाही के खिलाफ कृष्णानगर थाने में केस दर्ज किया गया है। कानपुर देहात में तैनात सिपाही के खिलाफ कृष्णानगर थाने में दुष्कर्म, शादी का झांसा व धमकी देने का केस दर्ज हुआ है। इलाके की रहने वाली युवती ने तहरीर दी कि सिपाही ने फेसबुक पर दोस्ती कर प्रेमजाल में फंसाया। शादी का झांसा देकर 11 महीने तक शोषण करता रहा। शादी की बात कहने पर टालमटोल करता था। जब दबाव बनाया तो धमकी देने लगा। प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर विक्रम सिंह के मुताबिक, युवती ने तहरीर देकर बताया कि मूलरूप से प्रयागराज के फूलपुर के वीरकाजी निवासी सुनील कुमार सिंह कानपुर में बतौर सिपाही तैनात है। आरोप है कि सुनील ने जनवरी 2022 में फेसबुक पर दोस्ती की और प्रेम जाल में फंसाया। दोस्ती के समय सुनील ने बताया था कि वह कानपुर देहात की पुलिस लाइन में है। आरोप है कि मिलनेजुलने का सिलसिला 11 महीने तक जारी रहा। व्हाट्सएप पर वीडियो व वायस कॉल करता था। इस दौरान सिपाही कई बार लखनऊ आया और एक दिन शादी का झांसा देकर उसके घर में संबंध बनाए। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने बताया कि सुनील उसके खाते में रुपये भी भेजता था। सिपाही का बड़ा भाई अजय व छोटा भाई विजय शादी के लिए तैयार थे। पीड़िता ने जब सिपाही से शादी की बात की तो वह मुकर गया और धमकाने लगा।

### लखीमपुर में तैनात दरोगा पर युवती को भगाने का केस

लखीमपुर खीरी में तैनात दरोगा जगेंद्र सिंह पर युवती को भगाने का आरोप लगा है। युवती के पिता ने कृष्णानगर थाने में तहरीर दी। आरोप लगाया कि युवती को भगा लेने के साथ ही वह जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह के मुताबिक, उन्नाव की युवती कृष्णानगर इलाके में किराये पर रहती है। युवती की तलाश की जा रही है। उधर, दरोगा की हरकतों से परेशान होकर उसकी पत्नी ने भी डीजीपी से कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि दरोगा युवतियों को प्रेमजाल में फंसाकर उनकी जिंदगी से खिलवाड़ करता है। इन करतूतों के चलते पूर्व में दरोगा को उन्नाव के तत्कालीन एसएसपी ने लाइन हाजिर किया था। आरोप है कि दरोगा ने उन्नाव निवासी युवती को अपनी पत्नी बताकर लखीमपुर में किराये के मकान में रखा है।